(ख) क्या इससे कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों पर गम्भीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या मुरादाबाद डिवीजन में डीजल के कुछ भण्डारण डिपो का निर्माण करने का प्रस्ताव है; और

(घ) सरकार का यह कमी किस प्रकार पूरी करने का विचार है ?

पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख). देश में तेल कम्पनियों को डीजल तेल की बेहद कमी का सामना नहीं करना पड़ा था और आमतौर पर देश में इस मद्द की सारी मांग को पूरा कर दिया गया था। तथापि इस उत्पाद को उपलब्ध करने में अस्थायी दिक्कतें आई हैं और इस मांग को पूर्णरूपेण पूरा करने के लिए इन अवसरों पर इस मद्द की तत्काल सप्लाई की गई थी।

(ग) मुरादाबाद में डीजल की सप्लाई/भण्डारण सम्बन्धी प्रबन्ध पहले से विद्यमान हैं। वहां पर दोनों टैंकियों और टैंक-गाड़ियों को भेजने की व्यवस्था सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

(घ) इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जाती है कि देश में कुल मिला कर डीजल तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त मांग के अनुसार इन उत्पादों को खपत वाले स्थानों पर पूरी तरह से उपलब्ध कराने के लिए सभी सम्भव प्रयास किये जाते हैं।

सभी रेलगाड़ियों में शायिकायानों की व्यवस्था

129. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने सभी रेलगाड़ियों में शायिकायानों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या इस आश्वासन को कार्य रूप देने के लिए उनके मंत्रालय ने कोई योजना बनाई है; और

(ग) उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग). यात्री ले जाने वाली उन सभी गाड़ियों में, जिनमें रात को यात्रा करनी पड़ती है, औचित्य के आधार पर दूसरे दर्जे के शयन-यानों की व्यवस्था की गयी है। लेकिन, इन लम्बी दूरी की तीव्रगामी गाड़ियों में गद्दीदार शायिकाओं वाले 3-टियर शयन-यानों की, योजना-बद्ध आधार पर, व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। बम्बई और हावड़ा के बीच चलने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस में इस सुविधा की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है।

आयल इंडिया लिमिटेड द्वारा महानदी डेल्टा में तेल की खोज

130. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने महानदी डेल्टा क्षेत्र में तेल की खोज करने के लिए आयल इंडिया लिमिटेड को स्वीकृति दे दी है; और

(ख) यदि हां, तो वहां यह कार्य कब आरम्भ होगा तथा प्रथम चरण में कितना तेल मिलने की सम्भावना है ?

पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) और (ख). आयल इंडिया लि० ने महानदी डेल्टा के 6800 वर्ग किलो मीटर तटीय तथा 12,000 वर्ग किलो मीटर अपतटीय क्षेत्र के अन्वेषण के लिए एक योजना तैयार की है। पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस प्रदान किये जाने के उपरांत, अन्वेषण कार्य

आरम्भ किया जायेगा। खुदाई कार्य आरम्भ होने के बाद ही इस क्षेत्र में तेल की उपलब्धता का पता चलेगा।

मध्य प्रदेश में रॉक फास्फेट की उपलब्धता

131. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में झाबुआ जिले में रॉक फास्फेट प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है;

(ख) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से वहां रॉक फास्फेट पर आधारित उर्वरक संयंत्र स्थापित करने का अनुरोध किया है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में लघु रॉक फास्फेट भंडार हैं।

(ख) और (ग). मैसर्स एम० पी० एग्रो मोरारजी फर्टिलाइजर्स लि० से, झाबुआ से रॉक फास्फेट का प्रयोग करने के लिए 93,000 टन प्रति वर्ष मोनो अमोनियम फास्फेट (एम०ए०पी०) के निर्माण के लिए मेघानगर, जिला झाबुआ, मध्य प्रदेश में संयुक्त क्षेत्र में एक नया औद्योगिक उपक्रम स्थापित करने के लिए औद्योगिक लाइसेंस हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। इस प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय लिया जायेगा।

पंचायतों और नगर निगमों के चुनावों के लिये मतदान आयु का कम किया जाना

132. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनेक राज्य सरकारों ने पंचायतों, नगर पालिकाओं तथा नगर निगमों के चुनावों के लिये मतदान आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष की है;

(ख) यदि हां, तो उन राज्यों के नाम क्या हैं; और

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा मतदान आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(घ) इसके विकल्प के रूप में उसके प्रति केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) और (ख). जहां तक सरकार को जानकारी है, मध्य प्रदेश सरकार ने पंचायतों के निर्वाचनों में मतदान की आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष कर दी है। समाचारपत्रों में छपी खबरों के अनुसार बिहार और हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने भी पंचायतों के निर्वाचनों में मतदान की आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष करने का विनिश्चय कर लिया है।

(ग) संसद तथा राज्य विधान मंडलों के निर्वाचनों के बारे में मतदान आयु को 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

मुख्य अभियंता, विद्युतीकरण इलाहाबाद के अधीन कर्मचारी

133. **श्री दया राम शाक्य** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मुख्य अभियंता विद्युतीकरण, इलाहाबाद के अधीन, श्रेणीवार, कितने कर्मचारी कार्य कर रहे थे और रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 72/आर०ई०/161/31 दिनांक 7 जून, 1977 में दिये गये आदेशों के अनुसार